आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

09.07.2024 समय : 1850

- द्वीपसमूह को हरा–भरा बनाए रखने के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने लोगों से स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।
- कार्वाइंस कोव में तेरह और चौदह जुलाई को आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव की तैयारियां जोरों पर है।
- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण – ट्राई ने प्रसारण और केबल सेवाओं तथा रिलीज के लिए नियामक ढांचे में संशोधन को अधिसूचित किया है।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत द्वीपसमूह में खरीफ दो हजार चौबीस और रबी दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र के लिए इसकी क्रियान्वयन की दिशा में कार्रवाई की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा और द्वीपों को स्वच्छ तथा हरा–भरा बनाए रखने तथा कचरामुक्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पोर्ट ब्लेयर शहर देश के स्वच्छ शहरों में से एक बन सके। इस दिशा में मुख्य सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों के अधीन बारह टीमों का गठन किया है, जो वर्तमान ठोस कचरा प्रबंधन सुविधा का निरीक्षण करेंगे। इन टीमों को घर–घर जाकर एकत्र की जा रही तंत्र और आम जनता द्वारा कचरा फेंके जाने वाले प्रमुख स्थानों की पहचान करने का भी निर्देश दिया गया है। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान और दानिक्स अधिकारी सपना प्रिया ने कल पोर्ट ब्लेयर के वार्ड नम्बर एक, दो और तीन का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने पाया कि ठोस कचरे सड़क किनारे और नालों में पड़े हुए हैं। आम जनता द्वारा कुछ खाली प्लॉट्स को कचरे फेंकने के मैदान के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है। कई दुकानों, होटलों और घरों के सामने भी कचरे पाए गए। कुछ दुकान मालिकों द्वारा ठोस और तरल कचरे को उचित तरीके से अलग–अलग भी नहीं किया जा रहा है। टीम ने नगरपालिका के इंस्पेक्टर को मौके पर ही ऐसे दुकानदारों पर चालान करने को कहा। नौ ऐसे मामलों पर पांच–पांच सौ रूपये की दर से चालान काटे गए। सभी दुकानदारों और मकान मालिकों से ठोस कचरा प्रबंधन का पालन करने को कहा गया है। अंडमान निकोबार प्रशासन कचरा प्रबंधन का असरदार तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए निगरानी तथा प्रयास जारी रहेंगे, ताकि पोर्ट ब्लेयर के निवासियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। मुख्य सचिव ने भी आम जनता से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले और अपने शहर को साफ–सुथरा बनाए रखते हुए कचरा मुक्त करने में अपना योगदान दें, ताकि देश में यह शहर सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में जाना जा सक।

<><><><><><><>

कार्वाइंस कोव में तेरह और चौदह जुलाई को आयोजित होने वाले मानसून पर्यटन उत्सव की तैयारियां जोरों पर है। बारह जुलाई को रोड शो के साथ उत्सव आरंभ होगा तथा तेरह और चौदह जुलाई को शाम तीन बजे से नौ बजे तक इसका आयोजन होगा। उत्सव की सफलता के लिए सूचना, प्रचार और पर्यटन की विशेष सचिव नन्दिनी महाराज की अध्यक्षता में कल ज़िला कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संबंधित विभागों के साथ पर्यटन से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। विशेष सचिव ने सभी से दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करने और उत्सव में सबका सहयोग की

कामना की। हर वर्ष जुलाई के मध्य में अंडमान को तीन सौ पैंसठ दिन पर्यटन गंतव्य के रूप में लोकप्रिय करने के लिए मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जाता है। रेन डांस–एरिना और बीच वॉलीबॉल एरिना उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा। गीत–संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगे। कई प्रकार के खाद्य स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्वाइंस कोव के अलावा मरीना पार्क एरिना में भी बारह से चौदह जुलाई तक शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

<><><><><><><>

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण – ट्राई ने प्रसारण और केबल सेवाओं तथा रिलीज के लिए नियामक ढांचे में संशोधन को अधिसूचित किया है। ट्राई ने नेटवर्क क्षमता शुल्क, दो सौ चैनलों के लिए एक सौ तीस रुपये और दो सौ से अधिक चैनलों के लिए एक सौ साठ रुपये की एनसीएफ सीमा हटा दी है। शुल्क अब बाजार द्वारा संचालित होगा। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियामक ने कहा है कि सभी शुल्कों को सेवा प्रदाताओं द्वारा अनिवार्य रूप से प्रकाशित किया जाना चाहिए और उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। इन संशोधनों का प्राथमिक उद्देश्य प्रसारण क्षेत्र के विकास को सुविधाजनक बनाना और नियामक प्रावधानों को सरल बनाकर कारोबार में आसानी को बढ़ावा देना शामिल है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के स्मित द्वीप में पहली ट्रायल पवनहंस हेलीकॉप्टर को उतारा गया है। वी एस पल्ली हेलीपैड से उड़ान भरने के बाद सात मिनट के भीतर स्मित द्वीप में हेलीकॉप्टर उतरा। इस सेवा के शुरू होने से रॉस और स्मित द्वीप पहुंचने में काफी कम समय लगेगा। अक्तूबर दो हजार पन्द्रह में मनरेगा के तहत हेलीपैड का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। बाद में अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा सीमेंट का हेलीपैड बनाया गया। सागर द्वीप के पूर्व वार्ड सदस्य कृष्णा बिश्वास ने हमारे डिगलीपुर संवाददाता डी जे वेंकटेश से कहा कि इस सेवा के आरंभ हो जाने से पर्यटकों को आरामदायक यात्रा के साथ डिगलीपुर में पर्यटन का और विकास होगा।

<><><><><><><>

वन महोत्सव मनाए जाने के सिलसिले में चेतना संस्था द्वारा हाल ही में प्रणब कन्या संघ में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण और वन विभाग के सामाजिक वाणिकी प्रभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में चेतना के अध्यक्ष भानुप्रताप यादव और अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत द्वीपसमूह में खरीफ दो हजार चौबीस और रबी दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र के लिए इसकी क्रियान्वयन की दिशा में कार्रवाई की गई है। दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान ज़िले के साथ कैम्पबेल बे क्षेत्र को मिलाकर एक कलस्टर बनाया गया है। दालों और सब्जियों के लिए अधिकतम वित्त अनुपात को भी अधिसूचित किया गया है। योजना में पंजीकृत सभी किसान प्रीमियम पर रियायत पाने के हकदार होंगे। ऐसे किसानों को जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। किसानों को अपने–अपने क्षेत्र के एस बी आई या सहकारी बैंक से भूमि रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। पंजीकरण के बाद यदि फसल की क्षति होती है, तो इसके बहत्तर घंटे के भीतर बीमा कराए गए कृषक द्वारा जानकारी क्रियान्वयन एजेंसी को देना होगा। द्वीपों के किसानों से इस योजना का भरपूर लाभ उठाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग में पर्यटक बस ड्राइवर, पर्यावरण और वन, पत्तन प्रबंध बोर्ड, जहाज़रानी सेवा निदेशालय और ज़िला कारागार में भारी वाहन चालकों के पद के लिए उम्मीदवारों का ट्रेड टेस्ट चौबीस से सत्ताईस जुलाई तक सुबह सात बजे से अट्टम पहाड़ में लिया जाएगा, जबकि ज़िला कारागार में पुरूष वार्डर के पद के लिए उम्मीदवारों का ट्रेड टेस्ट अट्ठाईस से इक्कतीस जुलाई तक सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम में रखा गया है। इस संबंध में उम्मीदवारों की अस्थाई सूची भी जारी की गई है।

उधर, पत्तन प्रबंध बोर्ड में डेक रेटिंग के पद के लिए जारी की गई अतिरिक्त सूची के योग्य सभी चालीस उम्मीदवारों की प्रमाणपत्रों की जांच के साथ ट्रेड टेस्ट भी लिया जाएगा। प्रमाणपत्रों की जांच का कार्य उन्नीस जुलाई को सुबह दस बजे से पत्तन प्रबंध बोर्ड कार्यालय में, तैराकी परीक्षण बीस जुलाई को सुबह सात बजे से नेताजी स्टेडियम के स्वीमिंग पुल में और इसी दिन ट्रेड टेस्ट सुबह साढ़े दस बजे से पत्तन प्रबंधन बोर्ड कार्यालय में लिया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तैंतीस मिलीमीटर, पोर्ट ब्लेयर में पन्द्रह दशमलव तीन, मायाबंदर में आठ, लांग आइलैंड में तीन दशमलव आठ और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में दो मिलीमीटर वर्षा हुई। सोलह जुलाई की सुबह साढ़े आठ बजे तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>